


# कोटर क्षेत्र के चितगढ़ ग्राम पंचायत के बाधिन टोला की सड़क खस्ताहाल

## राहगीरों को आवागवन में हो रही भारी परेशानी

नवभारत न्यूज

**कोटर 28 अगस्त, रामपुर बघेलान के जनपद अंतर्गत चितगढ़ ग्राम पंचायत के बाधिन टोला की सड़क वर्षों से बदहाली की मार झेल रही है। भारी गड्ढों और कीचड़ से पटी इस सड़क से गुजरना आम नागरिकों के लिए किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं है।**

खासकर बरसात के मौसम में हालात और भी गंभीर हो जाते हैं ग्रामीणों ने बताया कि हम लोगों को घरों में ही कैद रहना पड़ता है अगर कोई बिमार हो जाए तो अस्पताल पहुंचना भी मुश्किल हो जाता है लेकिन आज तक सड़क का निर्माण कार्य नहीं कराया गया है जबकि ग्रामीणो ने क्षेत्रीय विधायक रामपुर



बघेलान के विक्रम सिंह जनपद सीईओ तक से की उसके बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई है जिससे लोग परेशान हैं यह सड़क एक किलोमीटर की है जो पूरी तरह से गड्ढों में तब्दील है ।स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि कई बार पंचायत और संबंधित विभागों को शिकायत देने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है। "हर चुनाव में सड़क बनाने के वादे किए जाते हैं, लेकिन काम के नाम पर कुछ नहीं होता इससे ग्रामीणों मे नाराजगी दिख रही है । बाधिन टोला की यह सड़क न सिर्फ स्थानीय लोगों के लिए, बल्कि स्कूल जाने वाले बच्चों, बुजुर्गों और आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं के लिए भी एक प्रमुख मार्ग है। खराब सड़क के कारण एम्बुलेंस तक नहीं पहुंच पाती।

### 181 में शिकायत पर सरपंच - सचिव की धमकी

ग्रामीणों ने बताया कि हम लोगों द्वारा 181 में शिकायत दर्ज की गई है उसको लेकर के ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिव द्वारा धमकियां दी जा रही है कि अगर शिकायत नहीं कटवाओगे तो शासन द्वारा मिलने वाले लाभ से वंचित कर दिया जाएगा जिससे पीड़ति ग्रामीण परेशान है ग्रामीणों ने कहा कि हम लोग रोड की शिकायत किए हैं और हम लोगों को राशन और आवास योजना जैसी योजनाओं से काटने की धमकी दी जा रही है जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है और ग्रामीणों ने कहा कि अगर हम लोगों की रोड का निर्माण जल्द से जल्द नहीं कराया गया तो हम लोग धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे क्योंकि यह सड़क की हालत कई वर्षों से खस्ताहाल है और यहां से निकलना मुश्किल होता है छोटे-छोटे बच्चे हैं रोड में ही पानी भरा रहता है और टीचर से पुरी रोड लबालब रहती है जिससे स्कूल जाना भी बच्चों के लिए मुश्किल हो रहा है लेकिन प्रशासनिक टीम द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है महिलाओं ने भी मोर्चा संभालते हुए कहा कि नेता वोट लेने आते हैं और वोट लेने के बाद फिर वह लापता हो जाते हैं जिससे हम लोग आज भी सड़क जैसी सुविधा से वंचित है।



# खाद न मिलने से किसान महिलाओं ने नाराजगी व्यक्त की

नवभारत न्यूज

**मैहर 28 अगस्त, किसानों को खाद न मिलने के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । इसी समस्या को लेकर आज एसडीएम कार्यालय में किसान महिलाओं के द्वारा उत्पात मचाया गया जहां पर पुलिस पहुंचकर मामले को शांत कराया गया।**

इसी तरह हरनामपुर कृषि उपज मंडी में यूरिया खाद के लिए लगी किसानों की लंबी लाइन सुबह चार बजे से खाद लेने के लिए किसान परेशान टोकन न मिलने से किसानों में नाराजगी व्या' है। बताया जा रहा है कि मौके पर अभी तक कोई भी प्रशासनिक अधिकारी नहीं मौजूद है।

बताया जा रहा है कि मैहर में खाद वितरण का कार्य नायब तहसीलदार मैहर, शिवभूषण सिंह तथा पटवारियों की उपस्थिति में खाद का वितरण कराया गया।



# उमरा यात्रा पर रवाना हुए कोठी के पार्षद हाजी मोहम्मद इकराम

▸ मुस्लिम समाज सहित नगर के अन्य सामाजिक लोग भी शामिल हुए विदाई में

नवभारत न्यूज

**कोठी 28 अगस्त, नगर परिषद कोठी वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद हाजी मोहम्मद इकराम दूसरी बार तीर्थ यात्रा के लिए रवाना हुए ।**

आज अपने निवास से सायं 4 बजे मुस्लिम समाज सहित अन्य सामाजिक लोगों के साथ में गाजे बाजे एवं लाव लश्कर के साथ 21 दिन की उमरा यात्रा के लिए निकले घर से निकलने के साथ ही रास्ते में जगह-जगह नगर के सामाजिक लोगों ने उनका माला पहनकर स्वागत किया एवं उनकी तीर्थ यात्रा की विदाई में शामिल हुए सभी ने उनको मंगल कामनाएं देते हुए यात्रा की शुभकामनाएं प्रेषित की ,भाजपा के कोठी मंडल अध्यक्ष अजय द्विवेदी, कोठी मंडल उपाध्यक्ष एवं पोंडी ग्राम पंचायत के सरपंच योगेंद्र सिंह राजा, ग्राम पंचायत पवैया के सरपंच एवं व्यापारी संघ के पूर्व अध्यक्ष राकेश सिंह बबलू ,कोठी के समाजसेवी पत्रकार बृजेश गर्ग सोनू, व्यापारी संघ के पूर्व अध्यक्ष उमेश सिंह पप्पू सहित नगर के व्यापारी गण एवं काफी संख्या में लोगों ने मिलकर बधाई प्रेषित की एवं एक दूसरे के गले मिले इस दौरान इमरान खान, मोहम्मद जीशान, आसिफ खान, सोनू खान ,सलमान खान, हाफिज ,रमजान ,डॉक्टर मंसूरी ,कासिम, रियाज खान, इसरार खान ,शाहिद खान सहित हाजी मोहम्मद इमरान खान के परिवार के सदस्य एवं सैकड़ो की संख्या में मुस्लिम समुदाय के महिला पुरुष बच्चे बुजुर्ग शामिल रहे और उनको विदाई दी,अपने निवास से बाजार होते हुए बस स्टैंड स्थित स्टेडियम तक पैदल चलने के उपरांत सड़क मार्ग से कार द्वारा वह जबलपुर के लिए प्रस्थान किये और वहां से बाई प्लेन जत्थे के साथ रवाना होंगे इसके पूर्व वह एक बार हज की यात्रा कर चुके हैं 21 दिन की उमरा यात्रा पूर्ण करने को उपरांत 18 सितंबर को वह यात्रा से वापस लौटेंगे।

## महिला स्व सहायता समूहों का नहीं हुआ भुगतान

**कोटर 28 अगस्त,** जिले में संचालित कई महिला स्व सहायता समूह जिन्होंने खरीदी केंद्र के माध्यम से खरीदी की है सरकार उनका अभी तक भुगतान नहीं की है। कई समूहों का 2 सालों का भुगतान भी नहीं हुआ है। जिससे स्व सहायता समूह की महिलाएं परेशान हो रही हैं और समूह संचालित करना मुश्किल होता जा रहा है। बैंक से लोन लेकर काम कर रही हैं और समय पर भुगतान न कर पाने की स्थिति में अधिक ब्याज की रकम देना पड़ रहा है ।महिलाओं से पूछताछ की गई तो पता चला कि नान ऑफिस के चक्कर लगा रही है लेकिन वहां कोई सुनने को तैयार नहीं है। जिससे स्व सहायता समूह की महिलाओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

# गणेश उत्सव में जगह-जगह प्रतिमाएं स्थापित कर पूजा अर्चना



नवभारत न्यूज

**मैहर 28 अगस्त, गणेश चतुर्थी के अवसर पर नगर में जगह-जगह श्री गणेश जी प्रतिमाओं की स्थापना कर पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर भगवान गणेश जी के आराधना पर्व श्री गणेश चतुर्थी के शुभारंभ अवसर पर मैहर नगर पालिका अध्यक्ष के घर पधारे गणपति बाप्पा।**

नपा अध्यक्ष श्रीमती गीता संतोष सोनी के पुत्र के द्वारा श्री गणेश भगवान जी की विधिवत पूजन अर्चन कर प्रतिमा स्थापना कर श्रद्धा भाव के साथ गणपति भगवान की पूजा अर्चना की गई और विघ्नहर्ता से सभी के कल्याण एवं मंगल की कामना की गई। पूजन अर्चन के बाद सभी भक्तजनों ने श्री गणेश जी का आशिर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर नपा अध्यक्ष गीता संतोष सोनी , सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी, राकेश सोनी, शैलेश सोनी, अभिषेक सोनी, पीयूष सोनी, आदित्य सोनी, राजललन मिश्रा, अनुपम सोनी, छोटू मैनी, संजय जदवानी, एलपी त्रिपाठी, सुनील सोनी, प्रहलाद सोनी, आशीष सराफ, प्रीत शर्मा, भगवानदास सोनी, पार्षद जावेद अहमद, पूर्व पार्षद प्रभात द्विवेदी, पवन दुबे, गोवर्धन गुप्ता, विजय भारती, सहित काफी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।

## भारत इंटरनेशनल में विराजे बप्पा



**रामपुर बाघेलान।** गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर रामपुर बाघेलान क्षेत्र अंतर्गत भारत इंटरनेशनल सीबीएसई स्कूल में गणपति बप्पा की मूर्ति विराजमान की गई। जिसमें विद्यालय के चेयर मैन सुनील सोनी, डायरेक्टर श्रीमती पदमा सोनी, डायरेक्टर अभिषेक सोनी, प्रिंसिपल श्रीमती अंकुर कुलकर्णी ने विद्यालय परिवार के साथ बैठकर गणपति बप्पा की पूजा अर्चना कर उन्हें विराजमान किया ।इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षकएवं छात्र - छात्राएं उपस्थित रहे।

# शराब के नशे में स्वास्थ्य केंद्र में हंगामा, आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**मैहर 28 अगस्त, जिले के मुकुंदपुर स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार दोपहर एक शराबी युवक ने हंगामा खड़ा कर दिया। आरोपी की पहचान राजकुमार सोधिया ( पिता मिजाजी लाल सोधिया, उम्र 47 वर्ष ) के रूप में हुई है।**

जानकारी के अनुसार, राजकुमार नशे की हालत में स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा और वहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर व स्टाफ से गाली-गलौज करने लगा। स्थिति बिगड़ने पर नर्स घबराकर खुद को अस्पताल के कमरे में बंद करने को मजबूर हो गई। स्थानीय



लोगों ने शराबी को समझाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं माना ।इसके बाद डॉक्टर सूरज ठाकुरिया ने घटना की सूचना मुकुंदपुर थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और धारा 170, 126, 135 BNSS के तहत मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया। चौकी प्रभारी नागेश्वर मिश्रा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की गई है।

# मलगाव में 10 वर्षों से बिराजे जाते हैं शिव पार्वती गणेश

नवभारत न्यूज

**कोटर 28 अगस्त, कोटर तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत मलगाव में भागवत द्विवेदी के ग्रह निवास पर विराजमान शिव पार्वती गणेश हर साल की तरह 10 साल से लगातार श्री गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर भगवान श्री गणेश जी मिट्टी की प्रतिमा स्थापित किया गया.**

द्विवेदी जी ने बताया कि प्रतिदिन रामायण भी आयोजित कि जातीं हैं पुज्य पंडित सनत कुमार शास्त्री के माध्यम से विधिविधान से पुजा करवाई जाती है 5 तारीख को हवन और 6 तारीख को विशाल भंडारा



आयोजित किया जाएगा है और 7 तारीख को भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमा टमस नदी हनुमान मंदिर के निकट बड़े धूमधाम से विसर्जित की जायेगी। रमाकांत द्विवेदी ,जगतनारायण त्रिपाठी , डा प्रेमलाल शर्मा, ब्रजकिशोर शर्मा ,भाईलाल शर्मा, पप्पू द्विवेदी ,सुशील द्विवेदी गुडडा मनीष द्विवेदी, तेज प्रताप द्विवेदी, कामता द्विवेदी, शारदा द्विवेदी, अनुराग द्विवेदी ,विशाल दुबे ,अविनेश पांडे, मुलचंद गुप्ता, बिपिन दुबेदी, अरूणेन्द्र दुबेदी, कृष्णा दुबेदी ,अमित चौबे सभी गांव वासी मौजूद रहते हैं।

# एक ही घर के 4 बच्चों का राज्य स्तर के लिए चयन

नवभारत न्यूज

**अमरपाटन 28 अगस्त, सतना के दादा सुखेन्द्र सिंह स्टेडियम में 25 और 26 अगस्त 2025 को आयोजित अंतर संभाग स्तरीय मलखंभ प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर अमरपाटन के एक ही घर से 4 बच्चे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए।**

जिनमें लकी सोनी संदीपनी विद्यालय, प्रतीक्षा सोनी पीएम श्री कन्या विद्यालय, साक्षी सोनी और शुभ सोनी हाई स्कूल अमरपाटन में अध्ययन कर रहे है जिनका चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। कोच की भूमिका निभा रहे विपिन सोनी ने बताया कि घर में ही पिछले एक महीने से



प्रैक्टिस करने का ही परिणाम रहा कि रीवा संभाग के लिए चारों बच्चे राज्य स्तर पर अपना हुनर दिखाएंगे। छात्रों के राज्य स्तर पर चयनित होने पर अमरपाटन विकासखंड शिक्षाधिकारी केबी सिंह, संदीपनी प्राचार्य प्रहलाद द्विवेदी, कन्या प्राचार्य पीसी साकेत, हाई स्कूल प्राचार्या ममता सिंह, विकासखंड क्रीड़ाधिकारी नरेंद्र सोनी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग अमरपाटन ब्लाक समन्वयक पूनम पटेल, क्रीड़ा प्रभारी आकाश बंसल, क्रीड़ा प्रभारी विद्यासागर प्रजापति ने चारों छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है.

# भाषाई एकात्मता के लिए ग्रामोदय विवि उडिया भाषा सिखाएगा

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 28 अगस्त । महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय भाषाई एकात्मकता के लिए उड़िया भाषा सिखाएगा। इस आशय का निर्णय उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार की अध्यक्षता में संपन्न प्रदेश के शासकीय विश्वविद्यालयों की बैठक में दिए गए निर्देश के क्रियान्वयन के क्रम में लिया गया है। कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा स्वयं भी इस बैठक में मौजूद रहे हैं।**

कुलगुरू प्रो भरत मिश्रा ने बताया कि भाषाई एकात्मता के लिए ग्रामोदय विश्वविद्यालय की



अकादमिक शाखा को एनईपी-2020 के प्रावधानों के अनुरूप उड़िया भाषा में पाठयक्रम सृजन , पाठ्यक्रम के स्तर निर्धारण, उड़िया भाषा में अध्ययन, अध्यापन, शोध के लिए सैद्धांतिक व व्यावहारिक कार्ययोजना तैयार करने के आदेश दिए हैं।

कुलगुरु प्रो मिश्रा ने बताया कि उच्च शिक्षा मंत्री श्री परमार का मानना है कि देश के हृदय प्रदेश की संज्ञा से सुशोभित हिंदी भाषी मध्यप्रदेश, भारत की अनेकता में एकता की संस्कृति को चरितार्थ करते हुए एक नई पहल कर रहा है। श्री परमार का कहना है कि हम इस नवाचार के माध्यम से सभी भाषाओं के प्रति अपना प्रेम संदेश भी प्रेषित करना चाहते हैं। भारत अलग- अलग भाषाओं और बोलियों का देश है लेकिन इसकी आत्मा एक है। हमारा यह नवाचार, देश भर में भाषाई एकात्मता का संदेश देगा।

# दस्यु बबुली कोल गिरोह के लवलेश को 6 साल का कारावास व 8 हजार का अर्थदण्ड

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 28 अगस्त,मुठभेड़ के दौरान पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करने के मामले में दोष सिद्ध होने पर दस्यु बबुली कोल गिरोह के कैजुअल मेम्बर लवलेश कोल को न्यायालय ने छह वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 8000 अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है।**

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गोपाल दास ने बताया कि वर्ष 2015 में तत्कालीन राजापुर थाना प्रभारी आरबी सिंह मानिकपुर और मारकुण्डी थाने की पुलिस टीम के साथ दस्यु बबुली कोल गिरोह द्वारा कल्याण सुंचरी जंगल के वन कर्मियों के साथ मारपीट किए जाने की सूचना पर घटना स्थल की ओर जा रहे थे। इस दौरान मुखबिर ने बताया कि दस्यु सरगना इनामी बदमाश बबुली कोल अपने साथियों के साथ नागर गांव के ठर्री पहाड़ में मौजूद है। जिसके बाद पुलिस टीम ठर्री पहाड़ पहुंच गई। यहां पहाड़ पर मौजूद दस्यु बबुली कोल के सदस्यों ने राइफल और बन्दूकों से पुलिस पर फायरिंग शुरु कर दी। जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग कीए किंतु बदमाश जंगल की भौगोलिक स्थिति का फायदा उठाकर भाग निकले। इस मामले में दस्यु सरगना बबुली कोल समेत कई लोगों का नाम प्रकाश में आया था। कुछ दिनों बाद दस्यु सरगना बबुली कोल पुलिस मुठभेड़ में मारा गया था जबकि गिरोह का कैजुअल मेम्बर मानिकपुर थाना क्षेत्र के निही चिरैया गांव का निवासी लवलेश कोल गिरफ्तार कर लिया गया था। जिसके विरुद्ध पुलिस ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव ने इस मामले में निर्णय सुनाया। जिसमें पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करने का दोष सिद्ध होने पर लवलेश कोल को छह वर्ष कारावास के साथ 8000 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# जनपद सोहावल के ग्राम पंचायत गुलुवा में विशेष ग्राम सभा का आयोजन

▸ ग्राम रोजगार सहायक के द्वारा दस्तावेजी सत्यापन कार्य नहीं करवाया गया

नवभारत न्यूज

**सतना 28 अगस्त,कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत सीईओ संजना जैन आईएएस के कुशल मार्गदर्शन एवं जिला समन्वयक मनरेगा बद्री प्रसाद दहायत सामाजिक अंकेक्षण नेतृत्व में जिले में सामाजिक अंकेक्षण वर्ष 2024-25 के कार्यों का जनपद पंचायत सोहावल के अंतर्गत ग्राम पंचायत गुलुवा में किए गए मनरेगा के तहत सत्र 2024-25 के जो भी कार्य किए गए हैं**

उसका सोशल ऑडिट के लिए कलेक्टर के द्वारा आदेश जारी किए गए थे जिसमें व्ही.एस.ऐ.अकाश कुमार तिवारी एवं कल्पना सिंह दिनांक 25-08-25 से 26-08-25 तक मौखिक,भौतिक सत्यापन कार्य एवं विशेष ग्राम सभा दिनांक 28-08-2025 को विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया भौतिक सत्यापन के द्वारा हितग्राही लल्लू पाल पिता भूरा पाल का पी एम आवास योजना के तहत आवास का घर बनवा गया है एवं हितग्राही की मजदूरी 23490/- की राशि दूसरे हितग्राही के खाते में डाल दी गई है जिससे हितग्राही लल्लू पाल पिता भूरा पाल को समस्या का सामना करना पड़ रहा है जिसमें ग्राम पंचायत गुलुवा रोजगार सहायक के द्वारा कोई भी आश्वासन नहीं दिया जा रहा है. ग्राम पंचायत पहुंचकर ग्राम वासियों के माध्यम से मिलने का प्रयास किया गया। ग्राम सम परीक्षा समिति की सूची उपलब्ध कराई गई मौखिक,भौतिक सत्यापन कार्य किया गया एवं दस्तावेजी सत्यापन कार्य ग्राम रोजगार सहायक के द्वारा नहीं करवाया गया साथ ही ग्राम पंचायत गुलुवा सरपंच श्रीमती सीमा प्रजापति,सचिव श्रीमती मालती पाण्डेय एवं इसमें सभी ग्रामवासीओ के साथ व्हीएसए आकाश कुमार तिवारी एवं कल्पना सिंह उपस्थित रहे।

# सरपंच - सचिव की मनमानी से त्रस्त जनता ने पंचायत कार्यालय का किया घेराव

## धरना देकर जताया विरोध,उपसरपंच, वार्ड पंच विरोध प्रदर्शन में शामिल

नवभारत न्यूज

**सतना 28 अगस्त, जिले के मझगवां ब्लॉक मुख्यालय की ग्राम पंचायत मे सरपंच और सचिव की मनमानी से परेशान वार्ड पंचों सहित सैकड़ो ग्रामीणों ने आज उपसरपंच राजू सौदागर एवं वार्ड पंच शिवकैलास मवासी के नेतृत्व मे पंचायत कार्यालय का घेराव करते हुए धरना प्रदर्शन कर व्यवस्था के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त किया.**

जिसमे पंचायत की अनियमितताओं, फर्जी खर्चों और बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी जैसे आरोप लगाए गए, बताया गया की विगत एक वर्ष से अधिक समय से पंचायत की बैठकें आयोजित नही करवाई गई, जिससे विकास कार्य मनमर्जी की गति से चल रहे है, तो वही 5वें वित्त आयोग और 15वें वित्त आयोग की राशि को फर्जी वेंडर बनाकर खुर्दबुर्द कर रहे है। टैक्सेशन की राशि का कोई हिसाब-किताब नहीं रखा जा रहा, और अवैध बाजार बैठकी वसूली जैसे कार्यों से पंचायत की आय को आपस में बांटा जा रहा है। ज्ञापन मे इसके अलावा 10 प्रमुख मांगें की गई है, जो की पंचायत की दयनीय स्थिति को उजागर करती हैं, इनमे से कुछ प्रमुख बिंदु इस प्रकार हैं:-

**ग्राम सभा की अनियमितता:-** सरपंच और सचिव द्वारा पंचायत की सामान्य बैठकें और ग्राम सभाएं आयोजित नही की जा रही हैं। उदाहरण के तौर पर, 15 अगस्त 2025 को पूरे प्रदेश में ग्राम सभाएं हुईं, लेकिन मझगवां पंचायत में यह आयोजन नहीं किया गया। इसके बजाय, फर्जी हस्ताक्षरों से कार्यवाही दर्ज की गई, जो पारदर्शिता के नियमों का उल्लंघन है।

**सचिव की अनुपस्थिति:-** पंचायत सचिव कार्यालय में नियमित रूप से उपस्थित नही होते, जिससे ग्रामीणों को प्रमाण पत्र, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जैसे आवश्यक कार्यों के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। इससे प्रशासनिक कार्यों में देरी और असुविधा हो रही है।



**जलापूर्ति की समस्या:-** ग्राम के कई वार्डों मे पाइपलाइन लीकेज, टूटी हुई पाइपें और खराब मोटर पंपों के कारण जलापूर्ति बाधित है। लीकेज वाले स्थानों पर नाली का गंदा पानी मिश्रित हो रहा है, जो स्वास्थ्य के लिए घातक है। ग्रामीणों ने तत्काल मरम्मत की मांग की है।

**स्ट्रीट लाइट की खराबी:-** गांव के अधिकांश मार्गों पर स्ट्रीट लाइटें खराब पड़ी हैं, जिससे रात के समय अंधेरा छाया रहता है और महिलाओं-बच्चों की सुरक्षा खतरे मे है। पंचायत द्वारा इनकी मरम्मत पर कोई ध्यान नही दिया जा रहा।

**कच्चे रास्तों की स्थिति:-** रमपुरवा कोलान, गहिरा, गढ़ीघाट और लोटनी कोलान जैसे आदिवासी मोहल्लों मे कच्चे और गड्ढों से भरे रास्ते हैं, जो बरसात में कीचड़ भरे हो जाते हैं। आवागमन मे कठिनाई के कारण बच्चों की स्कूल पहुंच और मरीजों की अस्पताल यात्रा प्रभावित हो रही है।

**मुक्तिधाम की कमी:-** मिचकुरिन और गोडान टोला में मुक्तिधाम का अभाव है, जबकि रमपुरवा कोलान टोला का मुक्तिधाम जमींदोज हो चुका है। बरसात में अंतिम संस्कार में बाधाएं आ रही हैं, इसलिए नए मुक्तिधामों का निर्माण आवश्यक है।

**सामुदायिक भवन की आवश्यकता:-** मिचकुरिन, गोड़ान टोला, तालाब टोला, नई बस्ती और भट्टन टोला जैसे जनजातीय क्षेत्रों में सामुदायिक भवन न होने से विवाह, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सामाजिक बैठकों में कठिनाई होती है। ग्रामीणों ने इनकी तत्काल स्थापना की मांग की है।

**नालियों की सफाई व मरम्मत:-** मुख्य बाजार सहित विभिन्न मोहल्लों की नालियां सफाई और मरम्मत के अभाव में बजबजा रही हैं। नालियों का पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे मच्छरों का प्रकोप और बीमारियां फैल रही हैं। पंचायत द्वारा सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है।

**शौचालय व पानी टंकियों की व्यवस्था:-** मुख्य बाजार और बस स्टैंड में छोटी पानी टंकियां और सुलभ शौचालय बनाए जाएं। बस स्टैंड के मौजूदा सुलभ कॉम्प्लेक्स का सही मेंटेनेंस और संचालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि यात्रियों को असुविधा न हो।

**तालाब का सौंदर्यीकरण:-** मझगवां तालाब मे घाट की मरम्मत, सौंदर्यीकरण और लाइट व्यवस्था की जाए, जिससे जल संरक्षण और पर्यटन को बढ़ावा मिल सके।

### दिया गया ज्ञापन

उक्त मांगो का ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारियो की उपस्थिति मे मझगवां एसडीएम को जल्द समस्याओं के निराकरण के आश्वासन पर दिया गया, ज्ञापन के दौरान समाजसेवी आशुतोष द्विवेदी, अभिषेक सिंह कोद्दू, जानकी कोल सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।